# Aam Aadmi Party
1, Pandit Ravi Shankar Shukla Lane, (1 – Canning Lane), New Delhi – 110001
Phone: +91 9718500606, Email: contact@aamaadmiparty.org

22.02.2025

**सादर नमस्कार,**

सबसे पहले, आपको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं।

भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने चुनाव प्रचार के दौरान 31 जनवरी 2025 को द्वारका में आयोजित एक रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से यह वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में उनके लिए ₹2500 प्रतिमाह की योजना पास की जाएगी। उन्होंने कहा था - यह मोदी की गारंटी है।

20 फरवरी को आप की सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई, परंतु महिलाओं के लिए ₹2500 की योजना पास नहीं हुई। दिल्ली की माताओं-बहनों ने मोदी जी की गारंटी पर विश्वास किया था और अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

इसी विषय को लेकर आम आदमी पार्टी का विधायक दल कल - 23 फ़रवरी 2025 - को आपसे मिलकर चर्चा करना चाहता है। मैं आपसे दिल्ली की लाखों महिलाओं की ओर से विनम्र निवेदन करती हूं कि आप अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर हमें मिलने का अवसर दें, ताकि हम इस योजना पर ठोस कार्यवाही के लिए अपनी बात आपके समक्ष रख सकें।

सादर,

**आतिशी**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक, कालकाजी विधानसभा

**श्रीमती रेखा गुप्ता जी,**
माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली
दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट,
नई दिल्ली - 110002